कार्यक्रम रिपोर्ट 22 मई 2019

विश्व जैवविविधता दिवस 22 मई 2019 को एक दिवसीय संगोष्ठि, कार्यक्रम

जैवविविधता संरक्षण, संबर्धन, एवं विनाशहीन विदोहन हेतु दिनांक 22 मई 2019 को विश्व जैवविविधता दिवस पर एक दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सात गांव की जैवविविधता प्रबंधन समितियों ने भागीदारी की। यह कार्यक्रम सुजाग्रति समाज सेवी संस्था व जैवविविधता प्रबंधन समिति द्वारा जैवविविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अथिती श्री गिर्राज सिंह डंडोतिया जी विधायक दिमनी अम्बाह मुरैना तथा अध्यक्षता श्री केशव सिंह तोमर जी उप सभापति नगर निगम मुरैना और विशिष्ट अथिती के रूप में श्री विनोद मिश्र शुरमणी रहे। कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में 12 बजे से किया गया। संगोष्ठी में मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री हरीशरण अवस्थी जी, श्री विनोद मिश्र दतिया व सुजाग्रति समाज सेवी संस्था अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन द्वारा विशिष्ट जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अथिती श्री गिर्राज सिंह डंडोतिया जी द्वारा कहा गया कि हम और आपके द्वारा अगर जैवविविधता का संरक्षण एवं संबर्धन नही किया गया तो हम आने वाली पीढ़ी के साथ न्याय नही कर पायेंगे। उन्होने कहा कि आज विभिन्न प्रजातियां धीरे–धीरे लुप्त होती चली जा रहीं हैं उन्हें बचाना हमारा कर्तव्य है। भारत आजाद हुआ था तब वनों का प्रतिशत भारत में 37 प्रतिशत था। आज घटकर 19 प्रतिशत रह गया है यह चिन्ता का बिषय है। इस हेतु उनके द्वारा आश्वस्थ किया गया कि मेरे द्वारा जैवविविधता के संरक्षण एवं संर्बधन हेतु हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। मै इस हेतु जो भी समस्याऐं होंगी मैं उन्हे विधानसभा में भी उठाऊंगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री केशव सिंह तोमर जी द्वारा कहा गया कि मैं आज से जैवविविधता के संरक्षण एवं संर्बधन के लिए समर्पित होता हूॅ साथ ही इसकी अवधारणा को जन–जन तक पहुॅचाने के लिए प्रतिबद्व हूॅ। तथा मैं आज से ही नगर निगम में जो जैवविविधता प्रबंधन समिति है उसको क्रियाशील करूंगा।

विशिष्ट अथिती श्री विनोद मिश्रा जी द्वारा कहा गया कि जीवः जीवश्य भोजनम् अर्थात जीव–जीव से पल रहा है। इसलिए ऊपर वाले द्वारा श्रष्टी में जो जीव वनाये गये हैं उनका संरक्षण एवं संबर्धन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। जैसे तमाम लोगों की आजीविका औषधी पौधों से चलती है उन औषधी पौधों के लुप्त होने से उनकी आजीविका खतरे में आ जाती है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि कोई भी दिवस जब मनाया जाता है उसके पीछे यही राज होता है।

कार्यक्रम में 65 लोगों द्वारा भागीदारी की गई। जिनमें अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह तोमर जैवविविधता प्रबंधन समिति लंगड़िया, अध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद जी जैवविविधता प्रबंधन समिति पिपरई, अध्यक्ष श्री रामबहादुर सिंह जादौन जैवविविधता प्रबंधन समिति बामसौली, अध्यक्ष श्री एहसान अली जैवविविधता प्रबंधन समिति जाबरौल। श्री कौशल घुरईया सरपंच लोबसई, श्री हरफूल सरपंच विण्डवा, श्री बहादुर सिंह जादौन सरपंच बामसौली, आमिल खॉन सुजाग्रति संस्था व शासकीय कलापथक दल द्वारा गीत प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम का उद्देश्य–

1 जैवविविधता की अवधारणा को जन–जन तक पहुॅचाना।
2 विश्व जैवविविधिता दिवस मनाना।
3 जैवविविधता का संरक्षण एवं संबर्धन व विनाशहीन विदोहन और आजीविका।
4 पॉलीथिन हटाओ धरती को सुन्दर स्वच्छ बनाओ।

पॉलीथिन को लेकर पूरे समूह द्वारा गहन चिंतन एवं मनन किया गया तथा इसका उपयोग लोग न करें इस हेतु जागरूकता के लिए सभी लोग समर्पित हुए। साथ ही इसको इकट्ठा करवा कर आजीविका के श्रोत पर भी चर्चा हुई।

इस कार्यक्रम में गुग्गुल और सतावर को लेकर प्लान्टेशन की रणनीति भी तैयार की गई। 500 पौधे गुग्गुल और सतावर के लगाने के लिए जैवविविधता प्रंबधन समिति अध्यक्ष श्री एहसान अली जावरौल ने जिम्मेदारी ली। 500 पौधे गुग्गुल और सतावर के लगाने के लिए जैवविविधता प्रंबधन समिति अध्यक्ष श्री रामबहादुर सिंह जादौन बामसौली ने जिम्मेदारी ली। 2,000 पौधे गुग्गुल और सतावर के लगाने के लिए जैवविविधता प्रंबधन समिति अध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद जी पिपरई ने जिम्मेदारी ली। जैवविविधता प्रंबधन समिति अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह तोमर लंगड़िया धनसुला द्वारा अम्बाह ब्लॉक के 5 स्कूलों औषधीय उद्यान बनाने की जिम्मेदारी ली।

इस अवसर पर जिन जैवविविधता प्रंबधन समितियों के द्वारा श्रेष्ठ काम किये गये थे उन्हे पुरूस्कृत व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। उन समितियों के नाम निम्नानुसार हैं–

1 श्री रामबहादुर सिंह जादौन जैवविविधता प्रंबधन समिति बामसौली।
2 श्री एहसान अली जैवविविधता प्रंबधन समिति जाबरौल।
3 अध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद जी जैवविविधता प्रंबधन समिति पिपरई।
4 श्री नरेश सिंह तोमर ग्राम लल्लू बसई।

अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0 प्र0

अध्यक्ष
राजेन्द्र सिंह तोमर (मो0 7566206929)
जैवविविधता प्रंबधन समिति
लंगड़िया धनसुला ब्लॉक अम्बाह जिला मुरैना

कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा गीत प्रस्तुती।

कार्यक्रम में प्रतिभागी।

विधायक जी का स्वागत।

विधायक जी द्वारा उद्वोदन।

बी.एम.सी. अध्यक्ष पिपरई व बी.एम.सी. अध्यक्ष जाबरौल को श्रेष्ठ काम के लिए सम्मानित करते हुए।

अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0 प्र0

अध्यक्ष
राजेन्द्र सिंह तोमर (मो0 7566206929)
जैवविविधता प्रंबधन समिति
लंगड़िया धनसुला ब्लॉक अम्बाह जिला मुरैना